भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1171

25.07.2022 को उत्तर के लिए

माले महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य

1171. श्री प्रज्जवल रेवन्ना :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कर्नाटक में माले महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य को टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित करने का प्रस्ताव किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) कोर और मध्यवर्ती जोन के रूप में पहचाने गए वन क्षेत्र का ब्यौरा क्या है; और

(ग) नवीनतम बाघ गणना के अनुसार कर्नाटक में बाघों की कुल संख्या सहित इस वन्य जीव अभयारण्य में पहचान किए गए बाघों की संख्या का ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क): माले महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य को बाघ रिजर्व के रूप में घोषित करने हेतु कर्नाटक राज्य सरकार के प्रस्ताव को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

(ख): प्रस्तावित माले महादेश्वर बाघ रिजर्व के कोर और बफर क्षेत्र का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग): भारत में बाघों, सह-परभक्षियों और अहेर (प्रे) की स्थिति, 2018 के अनुसार, कर्नाटक में बाघों की संख्या 524 बताई गई है, जिनमें माले महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य में रहने वाले 8 बाघ शामिल हैं।

*****

<u>अनुबंध-I</u>

'माले महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य' के संबंध में दिनांक 25.07.2022 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1171 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

<u>प्रस्तावित माले महादेश्वर बाघ रिजर्व के कोर और बफर क्षेत्र का ब्यौरा</u>

1.	कोर क्षेत्र	:	विस्तार : 670.99 वर्ग कि.मी.
	संरचना	:	(i) महादेश्वर माले बाघ रिजर्व
			(ii) हनुर रिजर्व वन
			(iii) येदियारली रिजर्व वन
2.	बफर क्षेत्र	:	विस्तार : 235.19 वर्ग कि.मी.
	संरचना	:	(i) महादेश्वर माले बाघ रिजर्व
			(ii) हनुर रिजर्व वन
			(iii) येदियारली रिजर्व वन

प्रस्तावित बाघ रिजर्व का कुल क्षेत्र (कोर+बफर) : 906.18 वर्ग कि.मी.

*****